टीसीएस आईटी विज के फाइनल्स में डीपीएस बना दूसरा उप-विजेता

एजेंसी. मुंबई

भारत के सबसे बडे इंटर-स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज 2016 के नेशनल फाइनल्स में डीपीएस भोपाल की टीम के हार्दिक पटेल और निश्चय शोपुरकर दूसरे उप-विजेता बने।

उन्हें एक कांस्य पदक, आई फोन, 1 टीबी हार्ड डिस्क तथा पावर बैंक के व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ स्कूल के लिए ट्राफी मिली। फाइनल्स में ग्रैण्ड फिनाले पर चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए 8 शहरों से आई आठ उत्कृष्ठ टीमों के साथ जमकर मुकाबला करना पड़ा। अग्रणी आईटी सर्विसेज , कंसलटिंग तथा बिजनेस साल्युशंस कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित नेशनल फाइनल्स का मुकाबले 11 दिसम्बर को मुंबई के ताज लैण्डस एण्ड में खेले गए थे। इसके लिए टीम को मुंबई तक हवाई यात्रा के साथ ताज मे ठहरने तथा टीसीएस के सीईओ से मिलने का अवसर मिला था।

इस साल की प्रतिस्पर्धा में रीजनल लेवल पर पूरे भारत के 1,328 स्कूलों के कक्षा आठ से बारह के लगभग 15,000 छात्रों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर पुरस्कार वितरणकर्ता टीसीएस के सीईओ तथा एमडी एन. चन्द्रशेकरन ने कहा कि हर साल टीसीएस आईटी विज की गतिशीलता बढ़ती जा रही है । प्रतिष्ठित नेशनल चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए होने वाली इस प्रतिस्पर्धा में युवा छात्रों की अथक भावना को देखना स्फूर्तिदायक रहा।